# कलकत्ता चेंबर का मार्केट ग्रोथ पर विशेष सत्र




**कोलकाता, 24 अप्रैल (नि.प्र.)।** भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठनों में से एक, कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स (स्थापना: 1830) ने आज एक विशेष सत्र का आयोजन किया, जिसमें एमएसएमई और एसएमई के लिए आईपीओ के अवसरों पर चर्चा की गई। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बीएसई लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री सुंदररमन राममूर्ति ने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत चेंबर के अध्यक्ष श्री हरि शंकर हलवासिया के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने श्री राममूर्ति का सम्मानपूर्वक स्वागत किया और उनके बहुमूल्य विचारों को सुनने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनंत सहारिया, उपाध्यक्ष श्री अनुराग झुनझुनवाला, मीडिया प्रतिनिधि एवं उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियां उपस्थित थीं। अपने संबोधन में श्री हलवासिया ने कहा कि MSME और SME भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं ये जीडीपी में लगभग 30% का योगदान देते हैं, साथ ही निर्यात और रोजगार सृजन में भी इनकी भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि SME IPO के माध्यम से छोटे उद्यम पूंजी जुटाकर अपने कारोबार का विस्तार कर सकते हैं और नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं।